लोक सभा अध्यक्ष ने शांति के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित श्री कैलाश सत्यार्थी को बधाई दी

नई दिल्ली, 10 अक्तूबर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने विदिशा, मध्य प्रदेश के प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता श्री कैलाश सत्यार्थी को शांति के लिए वर्ष 2014 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने पर बधाई दी है । अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः "मैं नोबेल पुरस्कार के लिए चुने जाने पर श्री कैलाश सत्यार्थी को बधाई देती हूं । वास्तव में यह श्री कैलाश सत्यार्थी के लिए ही नहीं अपितु पूरे देश के लिए गर्व की बात है। यह पुरस्कार न केवल श्री सत्यार्थी द्वारा 'बचपन बचाओ आंदोलन' के माध्यम से हजारों बच्चों को विभिन्न प्रकार की दासता से मुक्त कराने के लिए किये गए प्रयासों का सम्मान है अपितु हमारे समाज को सभी प्रकार के भेदभावों से मुक्ति दिलाने के सरकार और सिविल समाज के प्रयासों की विश्व भर में सराहना भी है । माननीय अध्यक्ष का मानना है कि इस सम्मान से देश के अनेक परोपकारी व्यक्ति सामाजिक कार्यकलापों में भाग लेने के लिए प्रेरित होंगे जिससे जरूरतमंदों की मदद होगी और देश में सभी की समान प्रगति होगी।

उन्होंने श्री सत्यार्थी के साथ इस पुरस्कार की संयुक्त विजेता सुश्री मलाला युसूफज़ई को भी बधाई दी। मलाला का जीवन दमन, कट्टरता और हिंसा के प्रति संघर्ष, लड़कियों को शिक्षित बनाने और महिलाओं के अधिकारों के संरक्षण का प्रतीक है और सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।"